कार्यालय अनुमंडल पदाधिकारी, शेखपुरा

(गोपनीय शाखा)

पत्रांक /गो0

प्रेषक,

राकेश कुमार, बि0प्र0से0,
अनुमंडल पदाधिकारी,
शेखपुरा।

सेवा में,

अवर सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना।

शेखपुरा, दिनांक / /2018

विषय :— सेवा सम्पुष्टि आदेश उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :— इस कार्यालय का पत्रांक 15/गो0, दिनांक 12.01.18 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण होने, राजस्व एवं विधि वाद का अभिलेख स्वीकृत होने के बावजूद अभी तक मुझे वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ अप्राप्त है। वित्त (व्यै0दा0 नि0को0) विभाग, बिहार, पटना के द्वारा निर्गत वेतन पूर्जा की अभ्युक्ति में सेवा सम्पुष्टि आदेश उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना 587, दिनांक 13.01.16 के क्रमांक 77 पर मेरा नाम (राकेश कुमार, कोटि क्रमांक 1381/2011) दर्ज है, जिसमें उल्लेखित है कि दिनांक 19.03.2014 को सेवा सम्पुष्टि के पश्चात् दिनांक 01.01.2015 से मुझे ग्रेड – III का लाभ देय है।

अतः अनुरोध है कि मुझे सेवा सम्पुष्टि संबंधी आदेश की प्रति उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

महालेखाकार महोदय
कुशल
1/6/18

सही/-
(राकेश कुमार)
कोटि क्र0 1381/2011
अनुमंडल पदाधिकारी,
शेखपुरा

ज्ञापांक 197 /गो0, दिनांक 26.03.18/

प्रतिलिपि : महासचिव, बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण होने तथा राजस्व एवं विधि वाद स्वीकृत्त होने के पश्चात् नियमानुसार वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिलवाने की कृपा की जाय।

Rakesh Kumar 28/3/18
(राकेश कुमार)
अनुमंडल पदाधिकारी,
शेखपुरा